# पूर्वांचल के आर्थिक विकास को शुरू होगी यूपी-एज

## विश्व बैंक के अधिकारियों संग सीएम योगी ने की बैठक

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** पूर्वांचल में स्थानीय संसाधनों और आर्थिक संभावनाओं को निवेश, रोजगार, उद्यमिता और निर्यात के अवसरों में बदलने के लिए प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश इनेबलिंग डिस्ट्रिक्ट लेड इकॉनमिक ग्रोथ (UP-EDGE) परियोजना शुरू करने जा रही है। विश्व बैंक के सहयोग से प्रस्तावित इस परियोजना के तहत पूर्वांचल में आर्थिक गतिविधियों को गति देने के साथ स्थानीय प्रशासन की क्षमता मजबूत की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी के साथ मंगलवार को विश्व बैंक के अधिकारियों की अहम बैठक हुई। इसमें परियोजना की प्रिलिमिनरी प्रॉजेक्ट रिपोर्ट (पीपीआर) को केंद्र सरकार को भेजने सहित इसके विभिन्न प्रस्तावित घटकों पर चर्चा हुई। विश्व बैंक के प्रैक्टिस मैनेजर हून



सोह, अर्थशास्त्री राजकोषीय नीति विशेषज्ञ ऑरेलियन क्रूस एवं अन्य प्रतिनिधियों संग हुई बैठक में बताया गया कि परियोजना में पूर्वांचल के 28 जिले शामिल हैं। बुंदेलखंड के सात जनपदों को भी शामिल किया जा सकता है। लगभग 2,500 करोड़ रुपये की प्रस्तावित परियोजना की अवधि पांच वर्ष होगी।

सीएम ने कहा कि पूर्वांचल में विकास की अपार संभावनाएं हैं। पूर्वांचल के विकास में कृषि के साथ विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की भूमिका भी बढ़ानी होगी। ओडीओपी सहित स्थानीय उत्पादों को नई बाजार व्यवस्था से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

परियोजना में करीब एक लाख नए उद्यम विकसित करने और महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-कॉमर्स, डेटा सेंटर और डिजिटल डिस्ट्रिक्ट जैसे क्षेत्रों में भी नए अवसर विकसित किए जाएंगे।